अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 9 फरवरी 2024
माघ कृष्ण-चतुर्दशी/अमावस्या
विक्रम संवत-2080

PAGE NO. 07 TOP

उपाधि मिली, अब चुनौतियों से होगा सामना

एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के दीक्षांत समारोह में बोले एकेटीयू के कुलपति

कॉलेज में आयोजित दीक्षांत समारोह में मंचासीन अतिथि, प्रबंध समिति के पदाधिकारी व पदकवीर विद्यार्थी। स्रोत : कॉलेज

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली। दीक्षांत समारोह के बाद विद्यार्थियों का सामाजिक जीवन में प्रवेश हुआ है। अब वास्तविक परीक्षा होगी। क्योंकि विद्यार्थी खुद का मूल्यांकन करेंगे। इस दौरान उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इसके लिए तैयार रहें।

मेधावियों को यह संदेश डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के कुलपति प्रो.जयप्रकाश पांडेय ने बृहस्पतिवार को दिया। वह श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के प्रेरणास्रोत स्वर्गीय राममूर्ति के 114वें जन्म दिवस पर आयोजित 23वें दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे।

जसलीन सिंह

मृदुल सिंघल

आकांक्षा गंगवार


अरुण शर्मा

चांदनी गुप्ता।

आयुष


शुभी सक्सेना

रिया सक्सेना

तपोश चंद्र

अभिषेक गंगवार

समारोह में श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च के बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए के उत्तीर्ण 372 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं।

शहिक सभागार में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि गुरुग्राम स्थित पावर एंड यूटिलिटी अर्नेस्ट एंड यंग के पार्टनर इंजीनियर मोहम्मद सैफ ने मेधावियों से नौकरी के साथ-साथ मानव हित में काम करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि नोएडा फिन एजाजी टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के को-फाउंडर इंजीनियर निपुण कोहली ने विद्यार्थियों को स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित करते हुए आर्थिक मदद का आश्वासन दिया।

बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए के 372 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां, 25 विद्यार्थियों को मिले पदक

- बीटेक के तपोश चंद्र शर्मा को श्री राममूर्ति गोल्ड मेडल व 51 हजार रुपये।
- बीटेक की सुभांगी जैन को श्री राममूर्ति सिल्वर मेडल।
- बीटेक की अंशिका ललवा को श्री राममूर्ति ब्रांज मेडल।
- बीटेक के ऑल राउंडर मृदुल सिंघल को प्रेमप्रकाश गुप्ता चेरिटेबल फाउंडेशन गोल्ड मेडल।
- कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में तपोश चंद्र शर्मा को इंजीनियर सुभाष मेहरा गोल्ड मेडल।
- इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में रिया सक्सेना को डॉ. ऊषा मेहरा गोल्ड मेडल, 21 हजार रुपये।
- इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में ब्रांच टॉपर आकांक्षा गंगवार को इंजीनियर पीएन गुप्ता गोल्ड मेडल, 21 हजार रुपये।
- इंफॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी ब्रांच टॉपर अभिषेक गंगवार को लक्ष्मी भूषण गोल्ड मेडल, 21 हजार रुपये।
- मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ब्रांच टॉपर आयुष भटनागर को डॉ.आशा गुप्ता गोल्ड मेडल, 21 हजार रुपये।
- स्पोर्ट्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए विदुषी यादव को विशेष पुरस्कार।
- बीफार्मा की शुभि सक्सेना को श्री राममूर्ति गोल्ड मेडल, 21 हजार रुपये।
- बी फार्मा के सौरभ शर्मा को श्री राममूर्ति सिल्वर मेडल।
- बी फार्मा की श्रुति सक्सेना को श्री राममूर्ति ब्रांज मेडल।
- एमसीए की मानसी श्रीवास्तव को श्री राममूर्ति गोल्ड मेडल।
- एमसीए की प्रियंका गंगवार को श्री राममूर्ति सिल्वर मेडल।
- एमसीए के हर्षवर्धन सिंह को श्री राममूर्ति ब्रांज मेडल।
- एमबीए की चांदनी गुप्ता को श्री राममूर्ति गोल्ड मेडल, 21 हजार रुपये।
- एमबीए की ट्विंकल वर्मा को श्री राममूर्ति सिल्वर मेडल।
- एमबीए की अंजली जैसवार को श्री राममूर्ति ब्रांज मेडल।
- बीटेक के जसलीन सिंह को श्री राममूर्ति गोल्ड मेडल, 51 हजार रुपये।
- बीटेक के अरुण शर्मा को श्री राममूर्ति सिल्वर मेडल।
- बीटेक की राजनंदिनी को श्री राममूर्ति ब्रांज मेडल।
- बीटेक के ऑल राउंडर छात्र अरुण शर्मा को श्री राममूर्ति गोल्ड मेडल।
- कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में ब्रांच टॉपर जसलीन सिंह को श्री राममूर्ति गोल्ड मेडल।
- स्पोर्ट्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पीयूष कोठारी को विशेष पुरस्कार।